तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, शनिवार 1 नवम्बर 2025



11 देश की एकता के लिए मिलकर दौड़े



12 डीटीपी ने डेढ़ एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी की 19...




SD GROUP OF INSTITUTIONS
Discipline · Dedication · Determination

शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...
SD GROUP OF INSTITUTIONS

- ACADEMIC
- SPORTS
- CULTURAL
- INNOVATION
- COMPETITIVE EXAMS. (NEET, IIT, NDA+SSB, CUET, CLAT, CA)

एस. डी. सर्वोच्च स्तर की ओर...

## सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. ग्रुप

## SDians believe in results not in words

NEET-2025
CLASSROOM STUDENT
619/720
PRAKI D/o Sh. Ajay (Kanina)
AIR 30 CAT.(EWS)
AIIMS

NEET-2024
CLASSROOM STUDENT
Ronak Yadav D/o Sh. Rajpal Singh Yadav (Kakrala) 710/720
AIIMS
AIR 4 CAT.(EWS)
715/720
Prachi D/o Sh. Mukesh Kumar (Kanina)

## हरियाणा में एक स्कूल ऐसा भी........

NDA-2025
AIR 29 (Girls) (NAVY)
KASHISH YADAV D/O SMT. RAJ BALA & SH. SANJAY KUMAR
Village : RAMBASS

NDA-2025
AIR 94 (AIR FORCE)
JATIN SHARMA S/O SMT. GAYATRI DEVI & SH. KRISHAN KUMAR
Village : BHARAPH

NDA-2025
AIR 638 (ARMY)
CHHAVIKANT S/O SMT. SARITA & SH. MANOJ KUMAR
Village : KARIRA
TES Recommended (Merit Awaited)

CA Foundation Qualified 10
IIT Advanced 9

आपके सहयोग व विद्यालय के प्रयासों का सम्मान।

## Facilities That Shape The Grand Success

SD Innovation Centre का धमाल (ISRO)
ISHA, NANCY, ADITI ARYA, DEVANSHI YADAV, GARIMA YADAV, JASVEER, MAHI RAO, DIPANSHU, LAKSHAY YADAV

SGFI QUALIFIERS AT STATE LEVEL
2025 254
2024 252
2023 202
2022 261
2021 209

NCC UNIT (BOYS & GIRLS)
NSS UNIT (BOYS & GIRLS)

एस. डी. के नन्हें वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धियाँ
SELECTED FOR NATIONAL LEVEL YOUTH FESTIVAL SCIENCE MELA - 2024
1st POSITION in STATE

SDians हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के साथ।

4th Time CBSE BOXING Champion
CHAMPION

Awarded By SH. NITIN GADKARI Minister of Transport Govt. of India
Awarded By SH. JYOTIRDITYA SCINDIA Minister of Communications of India
Awarded By SH. NAYAB SINGH SAINI Chief Minister Govt. of Haryana
Awarded By SMT. ANUPRIYA PATEL Minister of State for Health and Family Welfare of India
SH. S. P. SINGH BAGHEL Minister of State of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying of India
JAGDEV YADAV CHAIRMAN SD GROUP OF INSTITUTIONS Awarded with HONORARY DOCTORATE AWARD (D.Litt.) By The University of Central America

*Do not just give dreams. Let your child have the opportunity of realizing the same.*

- S.D. Kakrala
- S.D. Kheri-Talwana
- S.D. Institute of Education, Kakrala
- S.D. Career Institute Mahendergarh (Hr.)

8607757970, 7056791004
www.sdskakrala.edu.in

Follow us on Instagram-sdschool2007 Facebook- SD Sr Sec School Kakrala YouTube - SD Sr Sec School Kakrala

आपको हरियाणा स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकानाएं।
JAGDEV YADAV CHAIRMAN


AC & Non AC Hostel Facility is Available for Boys & Girls


जिराफ़ की जीभ इतनी लंबी होती है कि इससे वे अपने कान साफ कर सकते हैं।


एक नवजात कंगारू केवल मूंगफली के आकार का होता है।



# बॉम्बे आर्ट कोर्स में कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## बन रहा युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## यह कोर्स कैसे करें

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## क्या चाहिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**ऐसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

### कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की देता है समझ

# एल.एल.बी. : कानूनी और सरकारी जगत में कामयाबी के सुनहरे मौके

डॉ मोहित बंसल
(करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर)




बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को संविधान, दंड संहिता, सिविल लॉ, कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून, न्यायिक प्रक्रिया और विधिक लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पढ़ाए जाते हैं। एल.एल.बी. का उद्देश्य सिर्फ कानूनी नियमों और सिद्धांतों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में न्यायप्रियता, तार्किक सोच, निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी विकसित करना है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार विद्यार्थी एल.एल.बी. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या पांच वर्षों के इंटिग्रेटेड कोर्स (बीऐ एलएलबी, बीबीए एलएलबी) के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। एल.एल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थी किसी विशेष क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, या मानवाधिकार कानून में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कानूनी क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। एल.एल.बी. के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को कानून के अलग-अलग क्षेत्रों में दक्ष बनाती हैं। इनमें कॉर्पोरेट कानून, क्रिमिनल लॉ, मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून, अंतर्राष्ट्रीय कानून, सिविल और संवैधानिक कानून जैसी महत्वपूर्ण शाखाएं शामिल हैं। यह विशेषज्ञताएं विद्यार्थियों को उनके रुचि और कैरियर लक्ष्यों के अनुसार कानूनी क्षेत्र में गहन ज्ञान और व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

एल.एल.बी. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा से न केवल कानूनी ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर भी व्यापक हो जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम, एमबीए), और विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जैसे विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे कॉर्पोरेट कंप्लायंस, साइबर लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानून भी छात्रों को उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान करते हैं।

## न्यायप्रियता, निर्णय क्षमता कर रहा विकसित



## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातकों के लिए सम्मानजनक और स्थायी अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों, न्यायालयों, बैंकिंग और रक्षा संगठनों में कानूनी पेशेवरों की मांग हमेशा रहती है। एल.एल.बी. स्नातक यहाँ न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी मामलों में भूमिका निभाते हैं। सरकारी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को कानून और प्रशासन के संयुक्त अनुभव के साथ स्थिर वेतन, पदोन्नति के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।

### यहां मिलेगा स्कोप

1. **न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं**
   - जुडिशियल मैजिस्ट्रेट
   - लेखा परीक्षा अधिकारी
   - स्टेट/सेंट्रल गवर्नमेंट कानूनी पद
2. **बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लर्कियल/ऑफिसर पद
3. **रक्षा और अनुसंधान संगठन**
   - जुडिशियल काउंसल
   - क्लाइंट एडवाइज़र
4. **शिक्षा और विश्वविद्यालय**
   - कानून शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
   - असिस्टेंट प्रोफेसर
   - रीसर्च असिस्टेंट

**आय या वेतन :** सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 8 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 20 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### केवल वकालत तक सीमित नहीं

एल.एल.बी. छात्रों के लिए करियर की राहें केवल वकालत तक सीमित नहीं रहतीं। निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। सही कौशल, उच्च शिक्षा और अनुभव के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.ca-reerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

## आवश्यक कौशल

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। कानूनी पेशे में सफल होने के लिए विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क, प्रभावशाली संवाद और मजबूत अनुसंधान क्षमता जैसी विशेष क्षमताएँ होना आवश्यक है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अदालत में प्रभावी प्रस्तुति, केस स्टडी विश्लेषण, विवाद समाधान, मध्यस्थता कौशल और टीमवर्क की समझ भी विकसित करनी होती है। इन कौशलों से छात्र न केवल पेशेवर रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि विभिन्न कानूनी और प्रशासनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक करियर स्थापित कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और संगठनों में कानूनी विशेषज्ञता की भारी मांग है। डिजिटल व ग्लोबल युग में कॉर्पोरेट कंपनियां, स्टार्टअप्स, बैंकिंग, वित्तीय संस्थान और कंसल्टिंग फर्में योग्य कानूनी पेशेवरों की तलाश में रहती हैं। एल.एल.बी. स्नातक इन संगठनों में कॉर्पोरेट कानून, अनुबंध प्रबंधन, कानूनी अनुपालन और विवाद समाधान जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को विविध परियोजनाओं, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट और क्लाइंट काउंसलिंग में गहन अनुभव प्राप्त होता है।

### यहां स्कोप

1. **कानूनी फर्म्स और एडवोकेसी**
   - लीगल एडवोकेट
   - क्लाइंट काउंसलर
   - क्लासिफिकेशन और केस मैनेजर
2. **कॉर्पोरेट सेक्टर**
   - कंपनी सेक्रेटरी
   - कॉर्पोरेट लीगल काउंसल
   - कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर
   - कम्प्लायंस ऑफिसर
3. **बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लाइंट डिस्प्यूट मैनेजर
   - कॉन्ट्रैक्ट और रेगुलेटरी काउंसल
4. **स्टार्टअप्स और कंसल्टिंग फर्म्स**
   - लीगल कंसल्टेंट
   - प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर (लीगल डिपार्टमेंट)
   - कॉर्पोरेट पॉलिसी कंसलटेंट

**आय या वेतन :** एल.एल.बी. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 25 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – लॉ/मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून या मानवाधिकार

विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स

- आईसीएलआईसीसी/न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कानूनी सर्टिफिकेट
- डाटा प्रोटेक्शन और साइबर लॉ सर्टिफिकेशन
- कॉर्पोरेट कंप्लायंस और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन

**ये सर्टिफिकेशन विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और कानूनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं और भविष्य चमकाते हैं।**

---

# सही और गलत की सीख, पर्यावरण की रक्षा और आत्मविश्वास की प्रेरणा



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्यारा त्योहारों में शामिल दीपावली का पर्व गए एक सप्ताह से ऊपर हो चुका है। छात्रों के लिए यह पर्व प्रेरणा लेने का त्योहार है। यह न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि हमें सही और गलत के बीच अंतर, पर्यावरण की रक्षा, और आत्मविश्वास के साथ अपने भाग्य को संवारने की प्रेरणा भी देता है। यह लेख विशेष रूप से छात्रों के लिए है, ताकि वे समझ सकें कि यह त्योहार हमें क्या सिखाता है और हम इसे कैसे जिम्मेदारी से मना सकते हैं,ये सबक छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने और एक जिम्मेदार इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। नीचे कुछ प्रमुख नैतिक सबक दिए गए हैं, जो दिवाली की कहानियों और परंपराओं से मिलते हैं।

## सत्य और धैर्य की जीत

**सबक:** भगवान राम की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और धैर्य हमेशा विजयी होता है। रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस के सामने भी राम ने धैर्य, नैतिकता का रास्ता नहीं छोड़ा।

**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते समय धैर्य रखें। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा फल देता है। हर मुश्किल स्थिति में भी सत्य और धैर्य का साथ नहीं छोड़ेंगे।

### सामुदायिक एकता और भाईचारा

**सबक:** दिवाली हमें परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देती है। यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ावा देता है।

**छात्रों के लिए प्रेरणा:** स्कूल या कॉलेज में सहपाठियों के साथ सहयोग करें। एक-दूसरे की मदद करने से न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, सामूहिक लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त होते हैं।

**संकल्प:** हम अपने दोस्तों और समाज के साथ मिलकर काम करेंगे और एकता को बढ़ावा देंगे।

### विनम्रता और कृतज्ञता

**सबक:** माता लक्ष्मी की पूजा हमें सिखाती है कि धन और समृद्धि के साथ-साथ विनम्रता और कृतज्ञता भी जरूरी है। धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करना चाहिए।

**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें, लेकिन कभी घमंड न करें। जो कुछ आपके पास है, जैसे परिवार, शिक्षक, और अवसर, उनके प्रति आभार व्यक्त करें।

**संकल्प:** हम अपने जीवन में मिले अवसरों और संसाधनों के लिए कृतज्ञ रहेंगे और दूसरों की मदद करेंगे।

## आत्म-नियंत्रण और संयम

**सबक:** रावण की कहानी हमें बताती है कि अहंकार, लालच, और अनियंत्रित इच्छाएँ विनाश का कारण बनती हैं। दूसरी ओर, राम और लक्ष्मण ने आत्म-नियंत्रण का उदाहरण प्रस्तुत किया।

**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने, समय का सही उपयोग करने, और अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए आत्म-नियंत्रण जरूरी है।

**संकल्प:** हम अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे और संयम के साथ निर्णय लेंगे।

### क्षमा और नई शुरुआत

**सबक:** दिवाली नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है पुरानी गलतियों को भूलकर, दूसरों को माफ करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का।

**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अगर आपने कोई गलती की है, जैसे पढ़ाई में कम मेहनत करना या किसी से झगड़ा करना, तो उसे स्वीकार करें, माफी मांगें, और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाएँ।

**संकल्प:** हम अपनी गलतियों से सीखेंगे, दूसरों को माफ करेंगे, और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।

### प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

**सबक:** दिवाली की रोशनी प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती है, लेकिन आतिशबाजी और कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।

**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएँ, जैसे मिट्टी के दीये जलाना, पेड़ लगाना, या प्लास्टिक का उपयोग कम करना।

**संकल्प:** हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करेंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** Ra † † (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** K * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)





भिवानी। एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद धर्मबीर सिंह। भिवानी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया व अन्य। भिवानी। रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

रोज गार्डन से रन फॉर यूनिटी का उत्साह एवं जोश के साथ किया आयोजन

### लोकसभा सांसद व विधायक ने दिखाई एकता दौड़ को हरी झंडी, राष्ट्र एकता और अखंडता की दिलाई शपथ

# देश की एकता के लिए मिलकर दौड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति से ओतप्रोत हो जिलावासियों ने राष्ट्र की एकता के लिए दौड़ लगाई। रोज गार्डन से रन फॉर यूनिटी का उत्साह एवं जोश के साथ आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह पहुंचे और युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रहित में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने की। सांसद ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलवाते हुए हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। रन फॉर यूनिटी रोज गार्डन से शुरू होकर रोहतक चौक से मेजबान चौक होते हुए वापस रोज गार्डन में संपन्न हुई। सांसद ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता को साकार रूप दिया। आज का दिन पूरे देश के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है क्योंकि आज हम भारत के लौह पुरुष, महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहे हैं।

#### सरदार पटेल ने बिखरी हुई 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया

सांसद ने का कि सरदार पटेल ने बिखरी हुई 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया। पूरे देश में उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब भारत स्वतंत्र हुआ तो इन रियासतों को एकजुट करना सबसे बड़ी चुनौती थी लेकिन सरदार पटेल ने अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल कूटनीति से इन सबको भारतीय संघ का हिस्सा बनाया। रन फॉर यूनिटी दौड़ में विधायक सुनील सांगवान, नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी, उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल, पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, एसडीएम आशीष सांगवान, सीटीएम प्रीति रावत, जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र रहे।

## राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सर्वोपरि



भिवानी। विधायक ने हजारों युवाओं को रन फॉर यूनिटी पर दिलवाई राष्ट्रीय एकता की शपथ। फोटो : हरिभूमि

भिवानी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भीम स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान डीसी साहिल गुप्ता आईएएस, एसपी सुमित कुमार, तोशाम के एसडीएम रवि मीणा आईएएस, सीटीएम अनिल कुमार, डीएसपी अनूप कुमार, जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और हजारों की संख्या में युवा, खिलाड़ी, विद्यार्थी और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।



भिवानी। सरदार पटेल को नमन करते शिक्षक व दिव्यांग विद्यार्थी।

## दिव्यांग बच्चों ने मनाया सरदार पटेल का जन्मदिवस

भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती मनाई और सभी दिव्यांग बच्चों ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे। उन्होंने 1947 से 1950 तक ये पद संभाला और स्वतंत्रता के बाद 565 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्य के लिए उन्हें भारत का लौह पुरुष भी कहा जाता है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ एवं दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## सभ्यता, संस्कृति व विकास का संगम है हरियाणा राज्यः गिल



भिवानी। हरियाणवी संस्कृति की प्रस्तुति देती छात्राएं, साथ में अतिथि।

भिवानी। शहीद रमेश कुमार राजकीय वमा विद्यालय लोहानी में हरियाणा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि कैरू से बीईओ महेन्द्र सिंह गिल उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन से किया। इस दौरान हरियाणा संस्कृति पर आधारित नृत्य, नाटक व कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। छात्रा आरजू, नेहा, अंतिमा व डिम्पल ने हरियाणवी गानों पर शानदार नृत्य कर कार्यक्रम में शमां बांध दिया।

छात्रा अंतिमा, स्वाति, नीलम, नीकिता और छात्र मयंक ने अपनी कविताओं और कहानियों से हरियाणवी संस्कृति पर प्रकाश डाला।

#### सरदार पटेल की जयंती पर लोहारू में दौड़े विद्यार्थी

लोहारू। देश में राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेज की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को चौधरी देवीलाल स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्वमंत्री जेपी दलाल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सद्भाव का संदेश दिया। पूर्वमंत्री दलाल ने कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत के निर्माण में जो योगदान दिया, वह राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उनके सशक्त नेतृत्व, त्याग और देश को एक सूत्र में पिरोने की भावना से हमें सदैव प्रेरणा मिलती है। उन्होंने रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। पूर्वमंत्री दलाल ने कहा कि सरदार पटेल एक स्वतंत्रता सेनानी के साथ साथ आधुनिक भारत के शिल्पकार थे।



लोहारू। सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते पूर्वमंत्री जेपी दलाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## विधायक के नेतृत्व में बवानीखेड़ा में निकाली रन फॉर यूनिटी

*रन फॉर यूनिटी महिला कॉलेज से शुरू होकर शहीद गुलाब सिंह पार्क में हुई संपन्न*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर कस्बे में रन फॉर यूनिटी आयोजन किया। रन फॉर यूनिटी को विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विधायक ने राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। रन फॉर यूनिटी महिला महाविद्यालय से शुरू हो कर शहीद गुलाब सिंह पार्क पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। विधायक वाल्मीकि ने कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है।

#### पटेल को दी श्रद्धांजलि

उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी से प्रेरणा लेकर देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने में योगदान करें। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 से अधिक देश की छोटी-छोटी रियासतों को समाप्त कर एक भारत और श्रेष्ठ भारत का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाई।

## सरदार पटेल की जयंती पर पद यात्रा निकाली

बाढ़ड़ा। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में एनएसएस प्रभारी महेंद्र सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार ने किया। उनके द्वारा एनएसएस स्वयंसेवको को व्याख्यान में बताया की हमें अपने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। हमे ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो देश की एकता और अखंडता को नु1सान पहुंचाएं। उन्होंने कहा की हमे सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ये शपथ लेनी है कि हम राष्ट्र की एकता के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने वल्लभभाई पटेल के जीवन के बारे में बताते हुए उनके राजनीतिक जीवन तथा स्वतंत्रता आन्दोलन में उनकी भूमिका के बारे में बताया। कॉलेज एनएसएस अधिकारी महेंद्र सिंह ने राष्ट्र के स्वतंत्रता आंदोलन तथा राष्ट्र की एकता और अखण्डता में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता करवाई गई।



बाढ़ड़ा। रन फॉर यूनिटी में भाग लेते राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवक।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया नमन



सरदार पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा व अन्य।

बहल। बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्र के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम में सरदार पटेल के जीवन एवं उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी पर भाषण दिए व उनको जीवनी पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की।

#### भाजपाइयों ने सरदार पटेल को किया नमन

बहल। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको नमन किया और राष्ट्रप्रेम की सच्ची भावना से देश हित में उनकी प्रेरणा को आत्मसात करने का संकल्प लिया। शुक्रवार को बहल मार्केट कमेटी चेयरमैन रवि महमिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र मढोली, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, बहल भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष हनुमान शर्मा पाजू, सज्जन फौजी बिधनोई, अजय श्योराण बिधनोई, रामसिंह शेरला आदि ने सरदार पटेल को याद किया व उनके देशहित में अतुल्य योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की छिन्न भिन्न 545 से ज्यादा रियासतों को एकत्रित कर देश को एकता और अखंडता के सूत्र में बांधा था।

## कांग्रेसियों ने सरदार पटेल व आयरन लेडी गांधी को दी श्रद्धांजलि



भिवानी। कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने कहा कि 31 अक्तूबर का दिन आयरन मैन सरदार वल्लभभाई पटेल व आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को समर्पित रहता है। इस दिन इन दोनों महान शख्यिसत को याद किया जाता है। अनिरूद्ध चौधरी शुक्रवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर भिवानी में अपने आवास पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दोनो महान शख्यिसत के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा देश की तरक्की के लिए इनके दिखाए मार्ग पर चलना जरूरी बताया। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल व इंदिरा गांधी ने देश के लिए बहुत बड़े बलिदान दिए, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा हमेशा रहेंगे। आज जिस प्रकार से देश के हालात है, जिन चुनौतियों से देश गुजर रहा है, उससे निपटने के लिए स्वर्गीय इंदिरा गांधी जैसे नेतृत्व की जरूरत है। आज ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो अन्य देशों की सोचने की बजाय भारत के हित के बारे में पहले सोचे, ताकि देश को सही मायनों में तरक्की के पथ पर अग्रसर किया जा सकें।

#### कांग्रेस ने पौधरोपण व पुष्प अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व सरदार पटेल को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

भिवानी। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को ठाकुर बीरसिंह पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश की प्रगति और अखंडता में उनके अतुलनीय योगदान को नमन किया। दोनों महान शख्यिसतों की स्मृति में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन श्यामलाल चारण, पवन तंवर, धीरज कुमार की देखरेख में हुआ। जिलाध्यक्ष जोगी ने कहा कि इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने सशक्त नेतृत्व एवं अटूट संकल्प से भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए।

## श्रीसांवरिया के शिविर में 51 ने किया रक्तदान

भिवानी। श्रीसांवरिया स्नेह मंडल द्वारा श्रीश्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मिनी बाईपास चौक स्थित रेस्तरां में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बाढ़सा की टीम के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में डॉ. प्रियंका के नेतृत्व में एम्स की विशेषज्ञ टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर 51 लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर स्थानीय युवाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ब्लड बैंक में रक्त की कमी को दूर करना और जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देना था। डॉ. आशुतोष वर्मा, अनु सोनी, विनोद जांगड़ा व कोच विनोद प्रजापति ने मिलकर शिविर की पूरी व्यवस्था संभाली। इन सभी ने सुनिश्चित किया कि रक्तदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

## उत्तरपुस्तिका मुद्रण प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन

- अपनी साख बचाने को एचटेट का परिणाम जल्द जारी करें शिक्षा बोर्ड : स्वामी
- कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी तो सोमवार से शुरू होगा आंदोलन : पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन-1016 संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने उत्तर पुस्तिका मुद्रण प्रणाली के विरोध में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी बोर्ड मुख्यालय पर द्वार सभा का आयोजन किया। इस विरोध प्रदर्शन को तृतीय श्रेणी कर्मचारी संगठन संबद्ध कर्मचारी महासंघ का भी खुला समर्थन मिला। कर्मचारियों में बोर्ड प्रशासन के खिलाफ मनमानी और हठधर्मिता अपनाने को लेकर गहरा आक्रोश दिखाई दिया। मंच से कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी संस्था हित की मांगों को नहीं माना गया तो कर्मचारी सोमवार से आंदोलन का एक नया और कड़ा रुख अपनाएंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बोर्ड प्रशासन की होगी।



शिक्षा बोर्ड में द्वार सभा को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

#### यह है आरोप

संयुक्त अध्यक्षता संगठन के प्रधान सत्यवीर सिंह स्वामी व जितेन्द्र दलाल ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव सोमवीर सिंह पूनिया ने किया। महासचिव पूनिया ने कहा कि संगठन द्वारा बार-बार मांग करने के बावजूद बोर्ड प्रशासन अपनी मनमानियों से बाज नहीं आ रहा है। पिछले दो दिनों से उत्तरपुस्तिका मुद्रण के कार्य को लेकर उठाए गए मुद्दे ने कर्मचारियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। स्वामी ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 का परिणाम जारी करने में हो रहे अकारण विलंब पर भी प्रश्न उठाया। उन्होंने संगठन की ओर से मांग की कि बोर्ड की साख बरकरार रखने के लिए पात्रता परीक्षा का परिणाम शीघ्र जारी किया जाए।

## विश्व मानव रूहानी केन्द्र ने लगाया हेल्थ कैंप

भिवानी। विश्व मानव रूहानी केन्द्र ने मनत अस्पताल से प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनीता दुहन की देखरेख में बावड़ी गेट कामरा वाला जोहड़ दादी माता मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 137 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। दूसरी ओर गांव कलिंगा में भी विश्व मानव रूहानी केन्द्र स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया, जिसमें चिकित्सकों ने 123 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। संस्था के सदस्य रोहताश कुमार, रामकिशन, नरेंद्र सिंह, उल्फत सिंह, परमदीप, शकुंतला, उर्मिला, कांता, बीना व भारत आदि ने बताया कि माजिक कार्यों जैसे पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जांच शिविर, जरूरतमंद की मदद, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण जैसे अन्य में करते हैं सहयोग।



व्यापारियों व आमजन से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर चर्चा करते भाजपा नेता।

## भाजपइयों ने स्वदेशी अपनाने का किया आह्वान

तोशाम। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के अंतर्गत बापोड़ा मंडल के करीबन आधा दर्जन से अधिक गांव में व्यापारियों व आमजन के साथ स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति चर्चा की। यह जानकारी देते हुए भाजपा के बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने बताया कि शुक्रवार को बापोड़ा मंडल के गांव लोहानी, हेतमपुरा, टिटानी, केहरपुरा, लेघा हेतवान, लेघा भानान, शिमलीवास, कुसुम्भी आदि गांवों में खुदरा व्यापारियों व आमजन के साथ स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग के प्रति चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के प्रति प्रोत्साहित करते हुए संकल्प पत्र भरवाकर एकत्रित किए। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा, चित्रपाल, कैप्टन जयबीर, जयभगवान यादव, राजेश टीटानी, रामोतार शर्मा, राजपाल प्रजापति, राजबीर सरपंच, रामकिशन यादव, रामबीर शर्मा, पवन धतरवाल, सुनील लेघा, दिनेश हिन्दु, अनिल शर्मा, संजीव शिमली, दलीपआदि रहे।

## पिता की पुण्यतिथि पर गोशाला में लगाई दलिये की सवामणी

भिवानी। बीडीसी रमेश लालावास ने पिता स्वर्गीय रामरिछपाल भारद्वाज की 43वीं पुण्यतिथि पर श्रीहरदास गोशाला में दलिया की स्वामणी लगाई। उपस्थित जनसमूह ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। गोमाता की पूजा-अर्चना के बाद दलिया स्वामणी का वितरण किया। भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं बीडीसी रमेश लालावास ने कहा कि मेरे पिता रामरिछपाल सदैव सेवा, ईमानदारी और समाज कल्याण के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौमाता हमारे धर्म, संस्कृति और जीवन की आधारशिला हैं, मेरे पिता राम रिछपाल ने सदैव गौसेवा और समाजसेवा को जीवन का धर्म माना, आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सब मिलकर उनके आदर्शों को नमन कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### विकास स्कूल में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**भिवानी।** विकास उच्च विद्यालय राजगढ़ में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती और हरियाणा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय प्रिंसिपल श्री हरिराम स्वामी संयोजक भाजपा अध्यापक प्रकोष्ठ, सहसंयोजक एवं हरियाणवी वेशभूषा में आए विद्यालय के अध्यापक विजय उपस्थित रहे।

### बाल विवाह रोकने के लिए बनीं रणनीति

**चरखी दादरी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेश कुमार के दिशा निर्देश अनुसार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव काजला की अध्यक्षता में आशा यूनिट बाल विवाह उन्मूलन के लिए सशक्त पहलू आदि अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत नालसा न्यायिक जागरूकता और पारदर्शिता को बढ़ावा अभियान भी शुरू किए गए हैं।

### हरियाणा दिवस पर होगा सांस्कृतिक उत्सव

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा एक नवंबर को 60वें हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान प्रशासन की ओर से जिला में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी और विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि जनता कॉलेज में सुबह 9 बजे से हरियाणवी लोक कलाओं और परंपराओं से ओतप्रोत जिला स्तरीय समारोह का आयोजन होगा। इसमें जिलेभर से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी रहेगी।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया एकता दिवस

**भिवानी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने मिलकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई जिसके बाद विद्यालय परिसर में एक साइकिल रैली का आयोजन किया।

# डीटीपी ने डेढ़ एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी की 19 डीपीसी, चारदीवारी, डिमार्केशन एवं कच्चे रोड नेटवर्क को तोड़ा

*डीटीपी ने भिवानी-दादरी रोड पर मौजा देवसर में अवैध कॉलोनी से हटाया निर्माण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शुक्रवार को नगर योजनाकार विभाग द्वारा उपायुक्त साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार लगातार अवैध निर्माण हटायो अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसके तहत नगर योजनाकार विभाग की टीम ने भिवानी-दादरी रोड पर मौजा देवसर में लगभग डेढ़ एकड़ में फैली एक कॉलोनी पर पीला पंजा चलाकर अवैध निर्माण तोड़ा। डीटीपी की टीम ने प्लॉटिंग करने वालों व प्लॉट खरीदने वालों को चेतावनी दी कि वे नियमों की उल्लंघना न करें।





अवैध निर्माण गिराती जेसीबी मशीन।

### मौजा देवसर में है अवैध निर्माण

नगर योजनाकार विभाग की टीम ने मौजा देवसर में भिवानी-दादरी रोड पर करीब 1.5 एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी पर जेसीबी मशीन चलाई। अवैध निर्माण हटाओ अभियान के दौरान डीटीपी की टीम ने डेढ एकड़ में फैली कॉलोनी की लगभग 19 डीपीसी, एक चार दीवारी, डिमार्केशन एवं कच्चा रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकर विभाग द्वारा लगातार अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसे हटाने का ये अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान जिला नगर योजनाकर विभाग ने लोगों को समझाया कि वे जिले में सरकारी जमीन पर कहीं भी नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुचित सड़कों की हरित पट्टी व अनाधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। ऐसा करने पर प्लॉटिंग करने वाले व प्लॉट धारक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने प्लॉट खरीदने वालों को प्लॉट खरीदने से पहले डीटीपी से क्षेत्र की पूछताछ करने के बारे में सलाह दी, ताकि उन्हें किसी प्रकार का नुकसान न उठाना पड़े।

## पोर्टल पर गलत ढंग से फसल दर्ज करने वालों पर होगी कार्रवाई: डीसी

# डीसी ने खरकड़ी माखवान में रात्रि दरबार लगा सुनीं समस्याएं

*रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान डीसी गुप्ता ने 60 से अधिक लोगों की सुनीं समस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा उपमंडल के गांव खरकड़ी माखवान की मुख्य चौपाल में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें डीसी साहिल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ में दरबार लगाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी पेयजल की समस्या पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गांव में आपूर्ति किए जा रहे पानी की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गांव में पेयजल आपूर्ति का शेड्यूल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में पानी स्टोरेज के लिए अतिरिक्त टैंक के निर्माण के लिए चंडीगढ़ मुख्यालय पर केस बनाकर भेजा है, जिसकी वे स्वयं पैरवी करेंगे ताकि टैंक का शीघ्र निर्माण हो सके। इस दौरान तोशाम के एसडीएम रवि मीणा भी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने डीसी के समक्ष मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर फसल को वास्तविक किसान की बजाय अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज करने, गांव में गंदे पानी की निकासी के नालों की सफाई करवाने, नालियों पर लोहे की जाली लगवाने, जमीन की पैमाइश करवाने, परिवार पहचान पत्र में त्रुटि ठीक करवाने, गली निर्माण करवाने, मकान निर्माण के लिए सहायता राशि दिलवाने, खेल मैदान की सफाई करवाने, खेलों का सामान दिलवाने और वहां पर बिजली व्यवस्था करवाने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी। गांव खरकड़ी माखवान के ग्रामीणों ने मुख्य रूप से गांव में स्वच्छ पेयजल जलापूर्ति नहीं होने की समस्या रखी।



**तोशाम।** गांव खरकड़ी माखवान की मुख्य चौपाल में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में शिकायतें सुनते डीसी साहिल गुप्ता व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडीएम फसल गलत ढंग से चढ़ाने की जांच

कार्यक्रम के दौरान गांव संडवा के एक व्यक्ति ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके खेत में बाजरे की फसल है, जबकि राजस्व विभाग द्वारा पोर्टल पर बाजरे की जगह बाजरी चढ़ा दिया गया है, और अब ठीक करने से मना कर दिया है, जिससे उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर डीसी ने एसडीएम को मामले की जांच करने का आदेश दिए और संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई करने को कहा।

### झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यक्रम के दौरान डीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम रवि मीणा और डीएसपी दलीप सिंह सहित अनेक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल के सामने मुख्य सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और ग्रामीण से आह्वान किया कि गांव को गंदगी से मुक्त बनाने में अपना सहयोग दें। गांव को स्वच्छ व निर्मल बनाएं। कार्यक्रम में डीसी ने ग्रामीणों की 60 से अधिक समस्याएं सुनीं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम रवि मीणा,सीटीएम अनिल कुमार, नायब तहसीलदार अशोक कुमार,बीडीपीओ सोमबीर कादयान, डीडीए डॉ. विनोद फोगाट, टीएम भरतपाल परमार, एक्सईएन विकास धनखड़, मनीष देशवाल, नवीन देशवाल, संभव जैन, डीएफओ सिकंदर सांगवान, डीएचओ डॉ. देवीलाल, डीईओ निर्मल दहिया, एसडीओ चेतन, एसडीओ डॉ. सुनील शर्मा, एसएमओ डॉ. सुधीर चाहर, टीडब्लूओ राजकुमार नागल, सीडीपीओ किरण व उषा, थाना प्रभारी महाबीर सिंह, सरपंच राजेश कुमार, सुभाष श्योराण, चंद्रप्रकाश, वीरेंद्र कादयान, जयसिंह कादयान, सूबेदार हरपाल, हवलदार दयानंद, युद्धवीर चेयरमैन आदि मौजूद रहे।

## मार्केट न्यूज

### स्टोन क्रेशर एसोसिएशन अध्यक्ष सोमबीर घसौला ने नेत्र जांच शिविर का किया शुभारंभ, 52 लोगों का हुआ ऑपरेशन के लिए चयन



**चरखी दादरी।** जिले के गांव जावा में आयोजित निः शुल्क नेत्र जांच शिविर में क्षेत्र के 550 नेत्र रोगियों ने पहुंच कर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों द्वारा परामर्श व अपनी आंखों की जांच करवाई तथा सभी को निः शुल्क दवाइयां व चश्मे भी वितरित किए गए। इस दौरान 52 बुजुर्गों को गुरुग्राम अस्पताल में ऑपरेशन के लिए चुना गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा माईनिंग एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष सोमबीर सिंह घसौला ने बुजर्गों से आशीर्वाद लेते हुए किया। नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए हरियाणा माईनिंग एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष सोमबीर सिंह घसौला ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में परोपकार की भावना को जरुर अपनाना चाहिए। हर व्यक्ति को धन का संचय करने की बजाए नेकी पर खर्च करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके द्वारा किए गए कार्यों के कारण उनको याद रखें। उन्होंने ने कहा कि बड़े बुजुर्ग कहते आए हैं कि आंख हैं तो जहान है और दांत हैं तो स्वाद इस बात को ध्यान में रखते हुए ही हमारा प्रयास है कि बुजुर्ग व्यक्तियों की आंखे हमेशा स्वस्थ रहें। जिसके लिए समय समय पर निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### पढ़ाई के साथ खेलों को भी अपनाएं छात्र : फौगाट



**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या नमिता दास एवं निदेशक बलराज फोगाट ने खेल ध्वज फहराकर किया। तत्पश्चात सभी छात्रों ने एक रंगारंग पीटी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों के चेहरों पर जोश और आत्मविश्वास स्पष्ट झलक रहा था। प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, गेंद फेंक, मेंढक कूद, नींबू-चम्मच दौड़, बैलेंसिंग रेस, बौरा रेस, रिले रेस जैसी कई रोमांचक प्रतियोगिताएं शामिल थीं। बच्चों ने अपनी पूरी लगन और ऊर्जा के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# बाबा सोमवार गिरी के मंदिर में घुसकर हत्या करने का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में हत्या जैसे संगीन अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि बांदर वाला जोहड़ मंदिर महम रोड मिताथल में बाबा सोमवार गिरी की सेवा करने के लिए आता हूं और दिनांक 4/5 नवंबर 2018 की रात को मंदिर के हाल में सो रहे थे, जो रात करीब 3:00 बजे कुछ व्यक्ति मुंह ढक कर हाथों में लाठी डंडे लेकर मंदिर में घुस गए थे। मंदिर में मौजूद बाबा सोमवार गिरी व अन्य व्यक्तियों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जो बाबा सोमवार गिरी की इलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में मृत्यु हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। 30 अक्टूबर 2025 को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना सदर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी गुजारनी मोड़ के सहायक उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र ने बाबा सोमवार गिरी की हत्या मामले में अभियोग में पांचवें आरोपी को माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### आरोपित को पुलिस ने लिया रिमांड पर

गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान सोनू पुत्र पालानाथ निवासी विकास नगर गली नंबर- 08 सूरजमल पेट्रोल पम्प मुरथल रोड सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। आरोपी को आज पेश न्यायालय में किया,जहां आरोपी को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं। वही अभियोग में चार आरोपियों को पुलिस टीम के द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अंशिका ने बहरीन में जीता गोल्ड, नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



विजेता अंशिका।

गांव चरखी निवासी एवं दादरी शहर स्थित श्योनाथ बाक्सिंग एकेडमी में अभ्यास करने वाली अंशिका सहारण ने इंटरनेशनल स्तर पर अपने मुक्कों का दम दिखाया है। अंशिका ने बहरीन में आयोजित तीसरे एशियन गेम्स बॉक्सिंग के फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की बाक्सर कोंग्यरात एलनुरा को कड़ी टक्कर देते हुए 5-0 के अंतर से हराकर विश्व पटल पर भारत देश का नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित कर दिया है। कोच कप्तान सिंह ने बताया कि बहरीन में तीसरे एशियाई यूथ बाक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया, जिसमें अंशिका ने 80 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर शानदार खेल का प्रदर्शन किया है और फाइनल में कजाकिस्तान की बाक्सर कोंग्यरात एलनुरा को हराकर भारत देश का नाम गौरवान्वित कर दिया है। अंशिका ने बाजी मारते हुए उज्बेक बॉक्सर को 3-2 से मात देते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी और अंशिका ने सेमीफाइनल में चीन की खिलाड़ी गुओ जियाकिंग को भी 5-0 के अंतर से हराते हुए फाइनल में प्रवेश कर सिल्वर पदक हासिल किया।

# विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट सुजीत का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** विजेता पहलवान सुजीत कलकल को सम्मानित करते।

सर्बिया में आयोजित अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किलोग्राम वर्ग में गांव इमलोटा निवासी पहलवान सुजीत कलकल ने स्वर्ण पदक जीता है। पदक जीतकर घर लौटने पर सुजीत कलकल को गांव आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुनील सांगवान, एसपी अर्श वर्मा सहित खाप प्रतिनिधियों ने सुजीत कलकल को जीत की बधाई देते हुए सम्मानित किया। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि अच्छी बात है कि क्षेत्र के युवा खेल और पढ़ाई दोनों में आगे बढ़ रही हैं। वर्ल्ड रेसलिंग खेलों में दादरी के बेटे सुजीत कलकल ने अपनी प्रतिभा साबित की है। उन्होंने युवाओं को खेलों में रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्र के खिलाड़ी कुश्ती सहित सभी खेलों में पदक जीत कर बहादुरगढ़ का नाम देश व पूरे विश्व में रोशन करने का काम कर रहे हैं। यह हम सबके लिए बड़े गर्व की बात है। कहा कि अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें क्योंकि आज खेलों में रोजगार के सुनहरे अवसर मौजूद है।

## लक्ष्मी बीकानेर मिष्ठान भंडार व मुरली फूड प्रोडक्ट्स पर बड़ी कार्रवाई

# एडीसी ने केसों की सुनवाई कर लगाया 9.80 लाख का जुर्माना

*खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें विक्रेता: एडीसी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



एडीसी दीपक बाबूलाल करवा।

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि विक्रेता खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें। एडीसी ने आमजन से आह्वान किया कि कोई खाद्य पदार्थ बनाने, बेचने, मैन्युफैक्चरिंग, स्टोर करने, पैकिंग करने व आयात-निर्यात करने के दौरान कोई सामान अवमानक व उस समान पर मानक अंकित नहीं पाया जाता है, तो इसकी सूचना जिला खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग को दें। एडीसी अपने कार्यालय में शुक्रवार को खाद्य पदार्थों के मिस ब्रांडेड, सब्सटेंडर्ड, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित केसों की सुनवाई कर रहे थे। एडीसी ने विभिन्न केसों की सुनवाई करके मौके पर ही निर्णय दिया। मिस ब्रांडेड, सब्सटेंडर्ड, बिना लाइसेंस व पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बेचने को लेकर 9 लाख 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। केसों की सुनवाई करते हुए एडीसी ने लक्ष्मी बीकानेर मिष्ठान भंडार पर खोवा के प्रोडक्ट्स के अवमानक पाए जाने व मुरली फूड प्रोडक्ट्स पर कोकोनट बर्फी के अवमानक पाए जाने पर एक लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट, लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन न करवाने पर 7 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एडीसी ने संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस समय अनुसार नवीनीकरण करवाने की चेतावनी दी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा मौजूद रहे।

### खाद्य पदार्थों में मिलावट की तो खैर नहीं

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि विक्रेता खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें। एडीसी ने आमजन से आह्वान किया कि कोई खाद्य पदार्थ बनाने, बेचने, मैन्युफैक्चरिंग, स्टोर करने, पैकिंग करने व आयात-निर्यात करने के दौरान कोई सामान अवमानक व उस समान पर मानक अंकित नहीं पाया जाता है, तो इसकी सूचना जिला खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग को दें। एडीसी अपने कार्यालय में शुक्रवार को खाद्य पदार्थों के मिस ब्रांडेड, सब्सटेंडर्ड, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित केसों की सुनवाई कर रहे थे। एडीसी ने विभिन्न केसों की सुनवाई करके मौके पर ही निर्णय दिया। मिस ब्रांडेड, सब्सटेंडर्ड, बिना लाइसेंस व पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बेचने को लेकर 9 लाख 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। केसों की सुनवाई करते हुए एडीसी ने लक्ष्मी बीकानेर मिष्ठान भंडार पर खोवा के प्रोडक्ट्स के अवमानक पाए जाने व मुरली फूड प्रोडक्ट्स पर कोकोनट बर्फी के अवमानक पाए जाने पर एक लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट, लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन न करवाने पर 7 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एडीसी ने संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस समय अनुसार नवीनीकरण करवाने की चेतावनी दी।

CHAND SHOPPING COMPLEX
Opp.Bus Stand, Loharu Road, Chand Shopping Complex, Ch. Dadri
आप सभी को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Mob. : 9812173525
देसां मैं देस हरियाणा।
जित दूध दही का खाणा।


सूबेदार चांद सिंह पहलवान
अध्यक्ष : जिला कुश्ती संघ, चरखी दादरी